बस योग्य तैयार की जाएगी।

भियंता, लोक निर्माण विभाग

किलोमीटर का सफर ग्रामीणों को पैदल ही करना पड़ रहा है।

ग्रामीण सोहन लाल नेगी, केहर सिंह, नरोतम सिंह तथा गोपाल सिंह ने कहा कि सड़क पर डंगा लगाने का काम लोक निर्माण विभाग ने शुरू कर दिया है। कहा कि अब जल्द क्षेत्रवासियों को बस सुविधा मिलेगी।

तरह के नुकसान हो रहे हैं।

राष्ट्रीय रोल प्ले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला त्रिलोकनाथ ने पहला स्थान हासिल किया है। शकोली स्कूल दूसरे और जाहलमा स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। फोक डांस में जाहलमा ने बाजी मारी। त्रिलोकनाथ दूसरे और शकोली तीसरे स्थान पर रहे। नोडल अधिकारी प्रेम प्रकाश ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 14 और 15 अक्तूबर को सोलन में होगी। संवाद

08/10/2024

आतिथ्य प्रबंधन से स्वरोजगार की दिशा में बढ़ाएं कदम : भट्ट

आईएचएम रामपुर और बंजार कॉलेज में हुआ एमओयू

बंजार (कुल्लू)। राजकीय महाविद्यालय बंजार में कैरिअर काउंसलिंग गाइडेंस और प्लेसमेंट सेल ने आतिथ्य प्रबंधन और वोकेशनल डिग्री पर जानकारी देने के लिए एक व्याख्यान सत्र का आयोजन किया।

इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रेणुका थपलियाल ने की। आईएचएम रामपुर के चेयरमैन राहुल भट्ट, कलिंगा विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के प्रबंधक विनय गौर व्याख्यान में मुख्य वक्ता रहे। राहुल भट्ट ने कहा कि वर्तमान समय में आतिथ्य प्रबंधन, खासकर कुल्लू जिले के परिदृश्य के अनुसार एक बेहतरीन कैरिअर विकल्प बन चुका है।

बंजार, तीर्थन वैली और जीभी पर्यटन के लिए प्रसिद्ध हैं और यहां पर्यटन का कारोबार सालभर चलता है। ऐसे में विद्यार्थी आतिथ्य प्रबंधन में दक्षता हासिल कर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। महाविद्यालय बंजार और आईएचएम रामपुर के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए जो कैरिअर काउंसलिंग और कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

20 विद्यार्थियों का कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए चयन भी किया गया। विनय गौर ने होटल उद्योग में विभिन्न पदों जैसे जनरल मैनेजर, फ्रंट ऑफिस मैनेजर, एचआर फाइनेंस और एचआर मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में कैरिअर की संभावनाओं पर जानकारी दी। संवाद

ट्स लिमिटेड
त सरकार का प्रतिष्ठान)

अमर उजाला

यदि आपको अमर :
प्रति नियमित या
नहीं मिल रही है तो कृपया